# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

शुक्रवार, 03 मई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 200, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# गुजरात के आणंद की रैली में बोले पीएम मोदी का तंज, कहा यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है

**आणंद ( गुजरात )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के आणंद के शास्त्री मैदान में चुनावी रैली में मंच से कांग्रेस को तीन चुनौतियां दे डाली। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को मेरी पहली चुनौती- कांग्रेस और उनके चट्टे बट्टे देश को लिखित में गारंटी दें कि वो संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे। देश को बांटने का काम नहीं करेंगे। पीएम मोदी ने कहा, मेरी दूसरी चुनौती- कांग्रेस देश को लिखित में दे कि वो एससी, एसटी, ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी नहीं करेगी। उनका अधिकार नहीं छिनेगी, डंका नहीं डालेगी। पीएम मोदी ने कांग्रेस को तीसरी चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस देश को लिखित में गारंटी दे कि जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस की और उनके साथियों की सरकार है, वो कभी भी वोटबैंक की गंदी राजनीति नहीं करेंगे। वो बैकडोर से ओबीसी का कोटा काटकर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे। ये मेरी तीन चुनौतियां है, शहजादे हिम्मत है तो आ जाओ। संविधान को माथे पर नाचने से बात नहीं बनती, संविधान के लिए जीना, संविधान के लिए मरना, ये सीखना है तो मोदी के पास आओ। मैं जानता हूं कांग्रेस मेरी यह चुनौती स्वीकार नहीं करेगी। पीएम मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, संयोग देखिए,



आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। यानी सूक्ष्मदर्शी यंत्र लेकर भी कांग्रेस को ढूंढना मुश्किल हो रहा है। लेकिन मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। आपको पता चला होगा कि अब कांग्रेस के लिए पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है और कांग्रेस तो पाकिस्तान की मुरीद है ही। पाकिस्तान और कांग्रेस की ये पार्टनरशिप अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई है। देश के दुश्मनों को आज भारत में मजबूत सरकार नहीं चाहिए। उनको कमजोर सरकार चाहिए। देश के दुश्मनों को 2014 से पहले की सरकार चाहिए। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसते हुए कहा, ''कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। लेकिन, कांग्रेस मुझे जवाब दे कि जिस संविधान को आज माथे पर रखकर नाच रहे हो, क्यों 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था। मोदी के आने से पहले इस देश में 2 संविधान, 2 झंडे थे। शहजादे की पार्टी कांग्रेस ने, इनके परिजनों ने देश में संविधान लागू नहीं होने दिया था। कश्मीर में हिंदुस्तान का संविधान लागू नहीं होता था। धारा 370 दीवार बनकर बैठी थी। सरदार पटेल की भूमि से आए इस बेटे ने उस 370 को जमींदोज कर दिया और सरदार साहब को श्रद्धांजलि दी।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रियंका वाड्रा से किया सवाल, कहा-क्या राधिका खेड़ा मामले में कार्रवाई करने का साहस दिखाएंगी

**रायपुर।** महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कांग्रेस की महासचिव प्रियंका वाड्रा से सवाल किए हैं. उन्होंने सवाल पूछा है कि क्या प्रियंका वाड्रा राधिका खेड़ा मामले में कार्रवाई का साहस दिखाएंगी. बता दें कि प्रियंका वाड्रा आज छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के लिए आई हैं. भाजपा नेत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रियंका वाड्रा महिलाओं के सम्मान, महालक्ष्मी योजना, संविधान, आरक्षण पर झूठ परोसकर चली जाएंगीं. क्या वह इन सवालों का जवाब देंगी कि प्राय: ही यह क्यों होता है कि कांग्रेस की महिला नेत्रियों, चाहे वह प्रदेश की हो या वह राष्ट्रीय स्तर की हो के साथ ही दुर्व्यवहार होता है और वह कांग्रेस छोड़ने के लिए विवश हो जाती हैं? आज तीसरा दिन है, जब कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ प्रदेश के कांग्रेस भवन में हुई बदसलूकी का मामला गरमाया हुआ है. क्या प्रियंका वाड्रा इस पूरे मामले का संज्ञान लेने और राधिका खेड़ा के साथ हुई बदसलूकी पर कारगर कार्रवाई करने का साहस दिखाएंगीं?

**खामोशी क्यों ओढ़ रखी ?**

जिस अधिवेशन में प्रियंका वाड्रा फूलों की कालीन पर चली थीं, उसी अधिवेशन में उनके ही निज सचिव पर आपकी ही



पार्टी की दलित महिला नेत्री अर्चना गौतम के साथ दुर्व्यवहार हुआ था? प्रियंका वाड्रा ने उस मामले में खामोशी क्यों ओढ़ रखी है? च्लड़की हूं, लड़ सकती हूंज् के जिस जुमले के साथ उत्तरप्रदेश में प्रियंका वाड्रा ने कुछ नया करने का स्वांग रचा था, अर्चना गौतम उसी जुमले की ब्रांड हुआ करती थीं.जब तक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश सरकार रही, छत्तीसगढ़ में मासूम बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं के साथ दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, अत्याचार की घटनाओं के मद्देनजर छत्तीसगढ़ की महिलाओं की अस्मिता, सम्मान की सुरक्षा और उनके कल्याण की तनिक भी चिंता प्रियंका वाड्रा को क्यों नहीं हुई? छत्तीसगढ़ में आकर प्रियंका वाड्रा कभी यह क्यों नहीं कहतीं थीं कि च्लड़की हूं, लड़ सकती हूं.लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रियंका वाड्रा कभी छत्तीसगढ़ की सड़कों-गलियों पर तो निकली नहीं, अलबत्ते प्रदेश की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने उनके कदमों तले टन-के-टन गुलाब फूल की पंखुड़ियां बिछाकर रास्ता बना दिया था. शायद इसीलिए महिलाओं की टीस, सिसकियां प्रियंका वाड्रा को कभी सुनाई नहीं पड़ीं, उनके साथ हो रही वहशियाना दरिंदगी और अत्याचार की खबर ही नहीं हुई. प्रियंका वाड्रा इसे लेकर संजीदा हैं कि कांग्रेस के लोगों की बदसलूकी से क्षुब्ध क्या राधिका खेड़ा के कांग्रेस छोड़ने की अटकलें लग रही हैं. इससे पहले फिल्म अभिनेत्री रहीं कांग्रेस नेत्री नगमा, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीं सुष्मिता देव, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रहीं प्रियंका चतुर्वेदी को क्या ऐसी ही बदसलूकी ने कांग्रेस छोड़ने पर विवश नहीं किया?

## सीएम साय ने कांग्रेस पर बोला हमला, कहा- 55 साल में 80 बार किया संविधान संशोधन, अब फैला रहे गलतफहमी

**सक्ती।** सीएम विष्णुदेव साय ने कांग्रेस को लेकर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग संविधान को लेकर गलतफहमी पैदा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि 55 साल में कांग्रेसियों ने 80 बार संविधान में संशोधन किया. कांग्रेस संविधान से खिलवाड़ करती है. सीएम साय ने कहा कि इमरजेंसी में गैर कांग्रेसी को जेल में डाल दिया था. कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के भगवान शिव और प्रभु श्रीराम वाले बयान पर सीएम ने कहा कि इनके पास बोलने के लिए कुछ और बचा ही नहीं है.



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पांच साल छत्तीसगढ़ को लूटा. 55 से 60 साल तक देश को लूटा है. इनके प्रधानमंत्री पर करप्शन के आरोप लगे हैं. चाहे पं. नेहरू हो, चाहे इंदिरा गांधी हो, चाहे राजीव गांधी हो या मनमोहन सिंह हो, इनके सत्ता काल में तो रोज भ्रष्टाचार होता था. जांजगीर के कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पर सीएम साय ने निशाना साधते हुए कहा कि पहले भी सांसद का चुनाव लड़ चुके हैं पर कभी क्षेत्र में पलट कर नहीं देखा. छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री थे, सरकारी बंगले से समान ले गए थे. उनकी पत्नी शासकीय भवन को अपना दफ्तर बना रखी थीं.

## खनिज अफसरों की अनदेखी

### बुद्धूभरदा एवं कविराज टोलागाँव में रेत के सैकड़ों ट्रीप रेत डंप, पैरी नदी से रोज निकाली जा रही अवैध रेत

**डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** केशला एनीकट के नीचे पैरी नदी से अवैध रेत निकासी कर बुद्धूभरदा में रेत माफियाओं द्वारा रोज रेत डंप कर गाँव केखाली जगह कोठारों एवं शासकीय भाठा जमीन पर की जा रही है। जिसे प्रति ट्रेक्टर तीन से साढ़े तीन हजार रुपये में बेच दी जा रही है। कविराज टोलागाँव में भी पैरी नदी से रेत निकालकर जगह- जगह रेत डंप किया गया है। गाँव के एक व्यक्ति के बाड़ी में 100 से ज्यादा ट्रीप रेत डंप देखने को मिलेगा। तस्करों द्वारा सुबह चार बजे से दस बजे एवं शाम पांच



बजे से रात्रि को दस बजे तक रेत निकली जा रही है। बुद्धू भरदा में गांव के पैरी धरसा मार्ग से किसानों के खेतो से जबरदस्ती माफियाओं द्वारा दादा गिरी कर रेत परिवहन करने की जानकारी सामने आई है खनिज विभाग के अफसरों की अनदेखी के चलते रेत तस्करों के हौसले बुलंद है। इससे नदी की दिशा भी पूरी तरह बदल गई है। वही पर्यावरण पर भी प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। शासन प्रशासन को लाखों रुपए की रायल्टी का नुकसान हो रहा है। खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा रेत माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं होना समझ से परे है।

## चंद्रयान-3 शोधकर्ताओं ने की टार्डिग्रेड की नई प्रजाति की खोज, चंद्रयान के सम्मान में रखा चंद्रायणी नाम

**कोच्चि।** शोधकर्ताओं ने तमिलनाडु के समुद्र तट के तलछट में टार्डिग्रेड की नई प्रजाति की खोज की है। शोधकर्ताओं ने भारत के चंद्र मिशन चंद्रयान के सम्मान में इसे बैटिलिप्स चंद्रायणी नाम दिया है। कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के



समुद्री प्रौद्योगिकी विभाग के विज्ञानियों एस. बिजॉय नंदन और विष्णु दत्तन ने तमिलनाडु में मंडपम के समुद्र तट के तलछट से समुद्री टार्डिग्रेड की इस नई प्रजाति को खोजा। शोधकर्ताओं ने तमिलनाडु के समुद्र तट के तलछट में टार्डिग्रेड की नई प्रजाति की खोज की है। शोधकर्ताओं ने भारत के चंद्र मिशन चंद्रयान के सम्मान में इसे 'बैटिलिप्स चंद्रायणी' नाम दिया है। कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के समुद्री प्रौद्योगिकी विभाग के विज्ञानियों एस. बिजॉय नंदन और विष्णु दत्तन ने तमिलनाडु में मंडपम के समुद्र तट के तलछट से समुद्री टार्डिग्रेड की इस नई प्रजाति को खोजा। बिजाय ने कहा कि यह प्रजाति आकार में अन्य टार्डिग्रेड के समान है, जिसकी लंबाई लगभग 0.15 मिलीमीटर और चौड़ाई 0.04 मिलीमीटर है। इसके चार जोड़े पैर हैं। इन प्रजातियों का पता लगाना बेहद मुश्किल है। इनका अध्ययन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। टार्डिग्रेड को समुद्री भालू भी कहा जाता है। नई प्रजाति फाइलम टार्डिग्राडा से संबंधित हैं, जिसमें 1,300 से अधिक प्रजातियां हैं। इनमें से केवल 17 प्रतिशत समुद्री प्रजातियां हैं। यह तीसरी बार है जब भारतीय जल क्षेत्र से समुद्री टार्डिग्रेड मिला है।

## राहुल बोले- प्रधानमंत्री मास रेपिस्ट के लिए वोट मांग रहे: ये है मोदी की गारंटी, मोदी ने 18 दिन पहले रेवन्ना के लिए वोट मांगा था

**बेंगलुरु।** राहुल गुरुवार, 2 मई को कर्नाटक के शिवमोगा में चुनाव प्रचार कर रहे थे। मामला जेडीएस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना से जुड़ा है। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस साथ चुनाव लड़ रही हैं। प्रज्वल पर कई महिलाओं ने रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। इस मामले में केस दर्ज हो चुका है और प्रज्वल विदेश जा चुके हैं। मोदी ने 4 लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में 14 अप्रैल को मैसूर में रैली की थी। मोदी ने 4 लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में 14 अप्रैल को मैसूर में रैली की थी। मोदी महज 18 दिन पहले 14 अप्रैल को इसी प्रज्वल के समर्थन में मैसूर में रैली कर रहे थे। तब मोदी ने कहा था, 'आज भारतीय राजनीति में देवगौड़ा सीनियर मोस्ट नेता हैं। उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना बहुत बड़ा सौभाग्य है। मैसुरु से यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार, चामराजनगर से एस बालाराज, हासन से प्रज्वल रेवन्ना और मांड्या से मेरे मित्र एचडी कुमारस्वामी, आने वाली 26 अप्रैल को इनके लिए आपका हर वोट मोदी को मजबूती देगा। देश का



भविष्य तय करेगा।' इसी का हवाला देते हुए राहुल ने कहा, च्कर्नाटक में सबसे बड़ा इश्यू प्रज्वल रेवन्ना का है। पीएम मोदी ने उसके समर्थन में प्रचार किया है। उसने (प्रज्वल ने) 400 महिलाओं का मास रेप किया है। पीएम मोदी को इसका जवाब और महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।' राहुल के पीएम पर 4 आरोप, बोले- वे सत्ता के लिए कुछ भी करने को तैयार राहुल ने कहा, 'प्रज्वल रेवन्ना 400 महिलाओं का रेप करता है, वीडियो बनाता है। इसे मास रेप (कइयों के साथ दुष्कर्म) कहा जाता है। कर्नाटक में मंच पर प्रधानमंत्री मास रेपिस्ट का समर्थन कर रहे हैं।जब प्रधानमंत्री आपसे वोट मांग रहे थे तो उन्हें पता था कि प्रज्वल रेवन्ना ने क्या किया था।' 'प्रधानमंत्री को हिंदुस्तान की हर महिला से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने एक मास रेपिस्ट को मंच पर लाकर उसे समर्थन देने की बात की। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री ने देश की हर महिला का अपमान किया है।' 'उनके (मोदी) पास सारी मशीनरी है, इंटेलिजेंस है, कस्टम्स है, तब भी प्रधानमंत्री ने इस मास रेपिस्ट को जर्मनी जाने दिया। ये उनकी गारंटी है।'

## शोक-पत्र



मान्यवर,

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे बड़े भाई

**पूज्य श्री बी. एल. मारू जी**

का स्वर्गवास चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी दि.22.04.2024 दिन सोमवार को हो गया है। विधि के विधान के आगे हम सभी नतमस्तक हैं। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आयोजित कार्यक्रम में आप भी सहभागी बनें।

**बारवां व गंगाप्रसादी**

वैशाख कृष्ण पक्ष दशमी

दिनांक - 03 मई 2024, शुक्रवार - दोपहर 12 बजे से

कार्यक्रम स्थल - माँ पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण

बर्फानी आश्रम, जी. ई. रोड, राजनांदगाँव

निवास -
नंदई, कुँआ चौक, राजनांदगाँव.
मो. 9826113024,
7987013006

- शोकाकुल -
राजेश मारू (अनुज)
एवं समस्त मारू परिवार

# प्राचार्य, संयोजक डा. केएल टांडेकर के सेवानिवृत्त होने पर फेडरेशन ने दी विदाई

## संयोजक के विदाई समारोह में शामिल हुए प्रांतीय पदाधिकारी, प्राचार्य की सेवानिवृति पर बैंड बाजा एवं रथ में बिठाकर दी विदाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव के जिला संयोजक डॉ. केएल टांडेकर प्राचार्य शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय के पद से 65 वर्ष की अर्धवार्षिकी आयु पूरी होने पर सेवा निवृत्त हुए। श्री टांडेकर का शासकीय सेवा की शुरुआत 1982 से शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा में सहायक प्राध्यापक के रूप से हुआ और इसी पद पर उन्होंने शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़, शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा, शासकीय महाविद्यालय नवागढ़, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में सेवाएं देने के पश्चात शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में 2006 में प्राध्यापक के पद पर उनकी पदोन्नति हुई। स्नातक प्राचार्य के पद पर पहली बार 2009 शासकीय महाविद्यालय मानपुर में पदोन्नति हुई, इसके बाद उन्होंने इसी पद पर शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव में अपनी सेवाएं दी, फिर 2018 में पीजी प्राचार्य के रूप में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायगढ़ में पदोन्नति हुई और इसी पद पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में अपनी सेवाएं देने के पश्चात दिसंबर 2021 से 2 वर्ष 4 माह शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव में उत्कृष्ट सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति पश्चात होटल रैलीस राजनांदगांव में (जिला पशु चिकित्सालय के बाजू में) उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रांतीय पदाधिकारी शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि श्री टांडेकर के नेतृत्व में राजनांदगांव जिले में कर्मचारियों के हित में उल्लेखनीय कार्य हुए है। समस्त संगठनों के जिला अध्यक्षों के साथ उनका समन्वय बेमिसाल रहा, उनके नेतृत्व में जो भी आंदोलन कर्मचारी, अधिकारियों के हित में किया गया। अन्य जिलों को उनका अनुसरण करना चाहिए। श्री टांडेकर एक प्रखर वक्ता, विद्वान एवं समाजसेवी भी हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय सचिव एवं दुर्ग जिला प्रभारी राजेश चटर्जी ने कहा कि श्री टांडेकर ने राजनांदगांव जिले में



कर्मचारियों के हित के लिए जो भी संघर्ष किया है, उसे निरंतर जारी रखने की आवश्यकता है । जिले के 38 संगठनों को एक सूत्र में बांधकर सभी संगठनों के मुखिया के रूप में सफ्लतापूर्वक कार्य किया है। पूरे राज्य में उनके अच्छे कार्यों की हमेशा चर्चा रही है। पदीय दायित्वों के साथ-साथ संगठन के दायित्वों में भी समन्वय स्थापित करना श्री टांडेकर से सीखा जा सकता है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के सहसंयोजक रफीक खान ने कहा कि मैं उनके साथ कई वर्षों से संगठन से जुड़ा रहा, उनकी कार्यशाली से मैं बहुत प्रभावित हूं। उन्होंने एक अथक सेवाधारी के रूप में अपनी सेवाएं दी। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के महासचिव सतीश ब्यौहरे ने कहा कि श्री टांडेकर के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला पूरे प्रदेश में संगठनात्मक रूप से अग्रणी रहा है, उनके कुशल नेतृत्व में हम सभी को बहुत कुछ सीखने को मिला है। पदीय दायित्वों के साथ-साथ संगठन के कार्यों के लिये समय निकालना उनकी अद्भुत कार्य क्षमता को दर्शाता है। महामंत्री पीआर झाड़े ने कहा कि श्री टांडेकर जहां पर भी प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दी है, वहां एक कुशल प्रशासक के रूप में कार्य किए हैं, उनके मृदुभाषी व्यवहार एवं नेतृत्व क्षमता के कारण ही राजनांदगांव जिले में फेडरेशन सशक्त एवं मजबूत हुआ है। इनके अलावा राकेश ठाकुर, डीएल चौधरी, योगेश चौरे एवं अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और उनके साथ के अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर प्रांत से पधारे हुए पदाधिकारी में मुख्य रूप से संचालनालय संघ के अध्यक्ष जय कुमार साहू, अपाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष सत्येंद्र देवांगन, चंद्रशेखर चंद्राकर, रामसागर कोसले सम्मिलित हुए एवं राजनांदगांव जिले से जिला संरक्षक एसके ओझा, सहसचिव रफीक खान, उपाध्यक्ष डीएल चौधरी, डॉ. रजनीश अग्रवाल, डॉ. अशोक जैन, संतोष चौहान, सिद्धार्थ चौरे, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र रंगारी, महामंत्रीगण संजय तिवारी, पीआर झाड़े, उत्तम फंदियाल, जीआर देवांगन, जिला संगठन सचिव महेश साहू, केदार शांडिल्य, महेश सेजपाल, दिलीप बारले, योगेश चौरे, मो. रफीक अंसारी, आदर्श वासनिक, मनीष साहू, जिला सह सचिव एनएल देवांगन, रमेश कुमार साहू, विजय यदु, अमरीश प्रजापति, डोंगरगांव ब्लॉक संयोजक विनोद टांडेकर, गणमान्य नागरिकों में कोमल सिंह राजपूत, राकेश ठाकुर, अमलेन्दू हाजरा, डा. एचएस भाटिया, एमके सोनक्षत्रा, बीपी मेश्राम, कांति फूले, आनंद भोंडेकर, डॉ. रेखा मेश्राम के अलावा अन्य संगठनों के पदाधिकारी गण, विभिन्न समाज के प्रमुख गण, समाजसेवी, दिग्विजय महाविद्यालय के स्टाफ नगर के अन्य गणमान्य नागरिक एवं श्री टांडेकर के पारिवारिक रिश्तेदार भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रंजना टांडेकर ने किया।

## शासकीय प्राथमिक शाला पेंडारवानी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सत्र 2023 24 का परीक्षा परिणाम ग्राम सरपंच जीवनलाल पटेल के द्वारा किया गया , इस अवसर पर कक्षा पहली से पांचवी तक के कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल गुलाल टीका और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया और बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई कार्यक्रम का संचालन टी एल निषाद के द्वारा किया गया इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक यशवंत कुमार सोनबोईर एवं विद्यालय के समस्त शिक्षा एवम शाला विकास समिति के सदस्य लोग भी उपस्थित थे .. प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को मेडल और प्रशस्ति पत्र मुख्य अतिथि सरपंच द्वारा प्रदान किया गया।

## शाला के उच्चतर माध्यमिक शाला का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कक्षा नवमी में राशि साहू ने 96प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर सिमरन



साहू 95प्रतिशत, वहीं कुशल देवांगन और प्रांजलि बोरकर 94.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। परीक्षा परिणाम 83.33प्रतिशत रहा। कक्षा ग्यारहवीं से अनुष्का तिवारी (गणित संकाय) 92प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही, योगिता सोनकर (जीव-विज्ञान) 87.8प्रतिशत हासिल कर द्वितीय स्थान पर रही और चंचल राजपूत ने 87.6प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही वाणिज्य संकाय से अनन्या जैन प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर चांदनी और हिमांशु राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम 98प्रतिशत रहा। कुल विद्यार्थी संख्या 182 ।

## शासकीय प्राथमिक शाला लक्ष्मणभरदा में कक्षा पॉचवी के बच्चों का बिदाई समारोह

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्मीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला लक्ष्मणभरदा विकासखंड छुरिया संकुल आतरगॉव में बीते दिनों कक्षा



पांचवी के बच्चो के बिदाई समारोह में आज तक का सबसे बढ़िया आयोजन संपन्न हुआ। शाम 7 बजे से बच्चो के द्वारा *तुलसी मानस मंडली रातापायली* के माध्यम से रामकथा आयोजित किया गया, सभी बच्चे राम नाम लेखन कापी जमा किये, सभी बच्चो के द्वारा रामचरितमानस की चौपाई गायन किया गया, मानस की आरती की गई एवं सभी बच्चे अपने पालकों के संग बैठकर रामकथा श्रवणपान किये । उक्त आयोजन में समस्त ग्रामवासियों का, पालकों का सहयोग रहा। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री भूषण नेताम, युवा समिति के अध्यक्ष मोहनीश ठाकुर, ग्राम प्रमुख श्री राकेश धनकर प्रधानपाठिका श्री मती हेमायादव, शिक्षक श्री अश्विनी कुमार साहू रसोईया श्रीमती उर्मिला मंडावी, संगीता बाई एवं सफाईकर्मी श्री हेमंत ओटी का सहयोग रहा। संपूर्ण आयोजन के मुख्य सूत्रधार रामकथा वाचक एवं शिक्षक अचल कुमार वैष्णव जी रहे।

## श्री लोहाणा महिला मंडल द्वारा मठ्ठा ( छांछ वितरण )..

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एक मई को श्रमिक दिवस के अवसर पर गायत्री मंदिर चौक में सुबह 11 बजे से करीब चार हजार



गिलास छास मठ्ठा का वितरण किया गया, सभी राह चलते लोगों ने तथा अनेक नागरिकों ने भरी गर्मी में ठंड ठंडा मठ्ठा पीकर तृप्त हुए, इस अवसर पर महिला मंडल के नीता रायचा, दिव्या नगदिया, रूपल बुद्धदेव, शीला जोबनपुत्रा, मधु काथरानी, रीटा पुजारा,हीना रायचा, लेखा चतवानी, गीता गणात्रा,दीपा ठक्कर,प्रिया भोजानी के साथ विशेष सहयोगी के रूप में मनीष साहिता व कीर्ति भोजानी उपस्थित रहे।

# आम रास्ता को बंद कर निस्तारी नाला के ऊपर अतिक्रमण करने की शिकायत

## वार्डवासियों सहित पार्षद ने निर्माणकार्य तत्काल रोकने की मांग की, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार,मुख्यनगर पालिका सहित थाने में ज्ञापन सौंपा



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** वर्षों से आम रास्ता व मुख्य निस्तारी नाला को बंद कर मकान निर्माण करा अतिक्रमण करने की शिकायत सामने आया है। वार्ड वासियों सहित पार्षद सहित प्रार्थी गुननंत अंबादे ने बताया कि वार्ड क्र 02 दंतेश्वरी पारा में पूर्व पार्षद देवेंद्र साखरे के द्वारा आम रास्ता व शासकीय निस्तारी नाला को बंद कर बेधड़क मकान निर्माण कराया जा रहा है जिसकी शिकायत हम लोगों ने एसडीएम, तहसीलदार व नपा प्रशासन से की गई है और निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई है। वार्डवासियों ने बताया कि अतिक्रमण की शिकायत पर वार्डवासियों व पार्षद ने श्री साखरे को समझाने का प्रयास किया गया पर वे नहीं माने व निर्माण नहीं रोका गया। यह 4 बाई 4 का निस्तारी नाला पाईप फैक्ट्री से प्रारम्भ होकर लगभग 200 मीटर की दूरी पर मुख्य नाले में समाहित होता है इस बीच कई जगह नाला के ऊपर अतिक्रमण किया गया है जो जाँच का विषय है। वही बताया गया कि बारिश के समय में नाले भर जाता है व नाला बंद हो जाने से बारिश का पानी लोगों के घर में घुसेगा व नाले की साफ सफाई में नगर पालिका को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**तहसीलदार ने रोक लगाने का दिया आश्वासन।**- शिकायत के बाद तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने कहा कि आम रास्ता व शासकीय नाला पर किसी का अतिक्रमण नहीं हो सकता। नगर पालिका को अवगत करा मौके पर जाँच कर निर्माण कार्य को रोकने कीकार्यवाही की जायेगी।



# सांकरदाहरा नदी में एक युवक की डूबने से मौत



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के प्रसिद्ध मोक्षधाम सांकरदाहरा में तीन लोग मंदिर दर्शन के लिए आए थे जिनमे एक युवक राजेश कुमार यादव 38 वर्ष नदी में नहा रहे थे राजेश अकेला नदी में तैराकी कर रहा था अचानक तैरते हुए शिव मंदिर की ओर जा रहा था और वो गहराई को भाप नहीं पाया और नदी के आधे बीच में ही डूब गया डूबने के बाद उनके दो दोस्त नदी में ढूंढने लगे जब नहीं मिला तब आस पास वाले को तथा नाव वाले को बुलाकर नदी में खोजबीन शुरू किया तो कुछ लोग पानी के अंदर जाकर ढूंढ कर खोज निकाला जब तक राजेश की मौत हो चुकी थी मृतक के दोस्त शिव गुप्ता और भोला गुप्ता ने बताया है कि मृतक राजेश अपने दोनो दोस्त के साथ दोपहर 3,30 बजे को ग्राम खुर्सीटिकुल कोमल महानदिया के यहा कुछ काम से मिलने आए थे परंतु कोमल अपने घर में नही था बाहर दूसरे गांव गए थे उनके शाम तक आने के इंतजार में तीनों लोग मोक्षधाम मंदिर दर्शन के लिए साकरदाहरा तीनो लोग आ गए जहा पर मंदिर में भगवान का दर्शन किया उसके बाद राजेश अकेला नदी में नहाने के लिए चला गया और ये लोग उनके इंतजार में पास के दुकान में चले गए जब आधा घंटा तक उनके दोस्त राजेश वापस नहीं लौटा तो आसपास फिर ढूंढा लेकिन कही नहीं मिला तब उनके दोस्तो ने कहा राजेश नदी में अकेला नहाने गया था जो वापस लौटा नहीं है तभी उनके दोस्तो को शक हुआ तभी नदी में एक साथ ढूढने निकले खोजबीन से राजेश



का शव मिला तभी उपस्थित लोग डोंगरगांव पुलिस को सूचना दी तत्काल पुलिस पहुंच कर मुआयना किया और शव को पी एम के लिए मर्चुरी में रखा गया है 3 मई को पी एम होगा पुलिस ने बताया है कि मृतक राजेश यादव राजातालाब रायपुर निवासी है मृतक के पत्नी और एक पुत्र एक पुत्री हैं।

## पुलिस केस में फंसा है आपका बच्चा कह कर कर रहें हैं ठगी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** साइबर ठग फर्जी पुलिस बन कर (आप का बच्चा *रेप केस/ड्रग केस/ठगी केस/ऐक्सीडेंट हो गया हैँ ( पुलिस कब्जे में है) गिरफ्तारी से बचाने के लिए रूपयों का मांग कर कर रहें हैं ठगी।* **ठगी का तरीका वारदात :-** साइबर ठगों द्वारा लोगों को ठगने के लिए नए-नए हथकंडे अपनाये जाते रहें हैं। इसी क्रम में अब साइबर ठग अभिभावकों को फोन करके बताते है कि हम पुलिस वाले बोल रहें हैं आपके रिस्तेदार विशेषकर (बेटा/बेटी) को रेप केस/ड्रग सप्लाई केस/ठगी केस/ऐक्सीडेंट हो गया है जो वर्तमान में थाने में बंदी बनाये जाने की फर्जी बात करते है और अभिभावकों द्वारा बच्चे से बात कराओ कहने पर बच्चे का रोने/कहराने की फेक ऑडियों रिकार्ड सुनाते है। अभिभावक से उनके बच्चे को छोड़ने के बदले पैसे की मांग करते है और धमकाते रहते है, फोन काटने का मौका नहीं देते जिससे अभिभावन घबरा कर तत्काल सायबर ठागों को उनके बताये यू.पी.आई. आई.डी. पर रूपये ट्रांसफर कर देते हैं।

**ठगी से बचने के माध्यम/क्या करें:-** एसे कॉल से घबराऐ नही, फोन काल कट करके सबसे पहले रिश्तेदार या बच्चों के मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर उनका सुरक्षित होना सुनिश्चित करें।,

**शुभांक**

**1-3-4**

**349-6 136-0**

**भाग्यांक**

**140-5 466-6**

# रिसाली क्षेत्र में गीता घासी साहू ने किया सघन जनसंपर्क, मांगा समर्थन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दुर्ग लोकसभा में फिर इस बार विकास का



कमल खिलने जा रहा है, यहां भाजपा की जीत निश्चित है। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व पर मुहर लगा दी है, निश्चित ही उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को प्रगति मार्ग पर आगे बढ़ायेगी। राजनांदगाँव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में रिसाली क्षेत्र में बैठक,जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह किया, जिस पर लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाजपा को अपना समर्थन दिया। श्रीमती साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार सबके कल्याण के बारे में सोचती है, सब सुखी रहे इसको लेकर कार्य करती है। गरीबों की चिंता करती है, ऐसी सरकार को हमें फिर से लाना है, फिर से हमें मोदी सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे शिक्षित हो, परिवार स्वस्थ्य हो, लोगों को रोजगार मिले, इस तरह के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में देश का जो विकास हुआ है वह सबके सामने है। हर वर्ग के लिए सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे।

# एक दिवसीय मसीही महिला सम्मेलन का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्कूल कैम्पस, राजनांदगांव के तत्वाधान में दिनांक 01 मई



2024 को एक दिवसीय मसीही महिला सम्मेलन का आयोजन स्थानीय वेसलियन स्कूल ऑडिटोरियम में हुआ। जिसमें जिले एवं अन्य जिलों से 15 कलीसियाई चर्चो ने भाग लिया। भाग लेने वाले चर्चों में वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च, स्टेशन रोड राजनांदगांव वेसलियन चर्च डोंगरगांव, जॉन बेपटिस्ट चर्च, रहोबोत चर्च, वेसलियन चर्च चौकी, मेनोनाईट चर्च राजनांदगांव, प्रार्थना भवन राजनांदगांव, वेसलियन चर्च, भिलाई जीवनदायक सेवकाई छुरिया, वेसलियन चर्च डोंगरगांव, चिचोला, ए.जी. चर्च पनेका रोड आदि लगभग 200 महिला सदस्यों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में सेविका श्रीमती वीणा दास (भिलाई) द्वारा संदेश दिया गया। उसके पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन (गीत-संगीत, तत्कालिक भाषण, बाईबल क्विज, बाईबल की झलकियाँ) किया गया। वेसलियन चर्च स्कूल कैंपस की महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती महिमा रंजन, उपाध्यक्ष-श्रीमती कीर्ति हेमरोम, सचिव-श्रीमती कुमुदिनी डेविड, कोषाध्यक्ष-श्रीमती साधना विल्सन, सलाहकार-श्रीमती किरण लाल एवं समस्त महिला सभा सदस्यों द्वारा इस द्वितीय सम्मेलन को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. मोन अब्राहम, श्रीमती मर्सी अब्राहम, श्रीमती शैलू अब्राहम, श्री अजय एलेक्जेंडर, श्री रवि वांडे, श्री टेरेश गंजबोइर, श्री पुरषोत्तम, कुलदीप एवं श्री मोजेस लाल ने अपनी सेवांए दी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्कूल कैम्पस के पाजबान श्री बलराम जी टंडन ने सभी आमंत्रित महिला सदस्यों, जवान सभा एवं सभी स्थानीय महिला सदस्यों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया ।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)**

**राजस्व मामला क्रमांक 202403093700022 अ-6 वर्ष 2023-24**

**:: ईश्तहार ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश यादव आ. स्व. सोनू यादव निवासी नंदई, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला नंदई स्थित शीट क्रमांक 50 डी, भूखण्ड क्रमांक 27. क्षेत्रफल 51.00 वर्गमीटर जो धारक शोभा आ. अंकालू, निवासी-नंदई राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड धारक शोभा आ. अंकालू की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान / संपति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 15.05.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया ।

सील

नजूल अधिकारी
नजूल जाँच, राजनांदगाँव

## ज्ञान मंथन

*1) हर्षित कुमार, जिन्होंने हाल ही में 21 वीं अंडर-20 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीता, किस खेल से संबंधित है?*
*2) भारत की राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति कब शुरू की गई थी?*
*3) 12वीं दिव्य कला मेला का उद्घाटन कहाँ हुआ है?*
*4) किस सोशल नेटवर्किंग साइट में उत्तर दें नामक एक सुविधा है, जो उपयोगकर्ताओं को पेशेवर सलाह के लिए अन्य सदस्यों से पूछने की अनुमति देती है?*
*5) हाल ही में किसे संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) हैमर थ्रो (2) 1982 (3) सूरत (4) लिंक्डइन
(5) अरिंदम बागची

## ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन खेल प्रशिक्षण शिविर जय भवानी व्यायाम शाला में प्रारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रति वर्ष भांति इस वर्ष भी ग्रीष्म कालीन भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) खेल प्रशिक्षण शिविर खेल युवा कल्याण विभाग एवं जय भवानी व्यायाम शाला द्वारा जय भवानी व्यायाम शाला में प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह प्रशिक्षण शिविर 21 दिवसीय नि:शुल्क संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के संबंध में जय भवानी व्यायाम शाला के संचालक व जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष श्री अमित आजमानी जी ने बताया की उक्त शिविर में छोटे-छोटे बालक, बालिका बच्चों को खेल के प्रति बढ़ावा देने तथा शहर व गांव के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ मिले इस उद्येश्य से यह शिविर रोजाना सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक रहेगा। स्थानीय जय भवानी व्यायाम शाला में 21 दिवसीय ग्रीष्म कालीन भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) का आयोजन किया जा रहा है स्थानीय खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा चलाये जा रहे ग्रीष्म कालीन खेल विकास निती में सहयोग देने के लिए जय भवानी व्यायाम शाला विगत कई वर्षों से शिविर का आयोजन करते आ रही है शिविर के संबंध अधिक जानकारी के लिए संस्था व संघ के अध्यक्ष श्री अमित आजमानी मो.-8349344321, सचिव- श्री अशोक श्रीवास मो.-9300434041, सहसचिव- श्री निरज शुक्ला मो.-9827185010 से संपर्क कर सकते है।



### निधन

**लतखोर साहू**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** किरगी (ब) निवासी प्रतिष्ठित किसान लतखोर साहू 81 वर्षीय का आकस्मिक निधन 2 मई को हो गया। वे शिक्षक नागेश्वर साहू के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि ग्राम के मुक्तिधाम में की गई। वे अपने पीछे पत्नी चार पुत्रियों एवं दो पुत्रों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है।

### निधन

**श्रीमती शकुनतला जैन**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** थानीय एसबीआई कॉलोनी निवासी दिग्विजय कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक स्व.श्री डा. अमीरचंद जैन की धर्मपत्नी श्रीमती शकुनतला जैन का बुधवार एक मई को सागर में संलेखना पूर्वक देवलोक गमन हो गया। वे 77 वर्ष की थी । श्रीमती जैन, स्व. संजय जैन, आरती जैन व संगीता जैन की माता तथा जैन ट्रांसपोर्ट के संचालक सुभाष चंद्र जैन , अशोक जैन , किशोर जैन एवं अधिवक्ता दिलीप जैन की भाभी थीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उन्होंने पूज्य विभोर सागर जी महाराज एवं ब्रह्मचारिणी आराधना दीदी के सानिध्य में संलेखना समाधि ली।उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 2 मई पूर्वान्ह 11:00 बजे मध्य प्रदेश के सागर में उनकी लड़की आरती जैन के निवास से निकाली गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# श्रमिक दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों में विधिक जागरूकता, साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन



**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रमिक दिवस 01 मई 2024 के अवसर पर जिलें के अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न विधिक जागरूकता, साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर हुए इन विधिक जागरूकता, साक्षरता शिविरों में ग्रामीणजन तथा श्रमिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। 01 मई अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों की महत्ता बताते हुए उनके कानूनी अधिकार एवं शासन की योजनाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का वर्णन किया गया। विधिक जागरूकता, साक्षरता शिविर में मजदूर दिवस की उत्पत्ति के बारे में यहां बताया गया कि पहले के दिनों में मजदूरों की हालात बहुत खराब थी, उन्हें कड़ी मेहनत करने और दिन में 12-18 घंटे तक काम करना पड़ता था। कार्यस्थल पर दुघटनाओं में चोटों एवं जन-धन हानि का सामना उन्हें एवं उनके परिवार को करना पड़ता था और उनके कार्यस्थल पर मूलभूत सुविधाओं की कमी होती थी। उनके द्वारा कड़ी मेहनत करने के बावजूद उन्हें पूर्ण पारिश्रमिक नहीं मिल पाता था, कार्य के अत्यधिक घंटे और सुविधाओं की कमी इनकी स्वास्थ्य समस्याओं की बढ़ती हुई संख्या ने इस समस्या को ठीक करने के लिए श्रमिकों संगठनों, यूनियन को जन्म दिया। आज स्थिति अलग है आज महिलाओं एवं पुरूषों को समान काम समान वेतन मिलता है कार्यस्थल पर सुविधायें प्रदान की जाती है। मातृत्व अवकाश, 8 घंटे कार्य एवं कार्यस्थल पर सुविधाएं एवं पूर्ण पारिश्रमिक श्रमिकों को मिल रहा है। विधिक जागरूकता, साक्षरता शिविर में श्रमिक अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम एवं श्रमिकों से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कानून की जानकारी के साथ ही शासन की योजनाओं से अवगत कराया गया। विधिक जागरूकता, साक्षरता शिविर आदिवासी मंगल भवन के पास कवर्धा, नगर पालिका के पास कवर्धा सहित ग्राम पंचायत रैतापारा, ग्राम पंचायत रूसे, ग्राम भेंन्दरा, ग्राम पंचायत घोटिया, मरका, छूही, समनापुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के सचिव श्री राहुल कुमार के निर्देशन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन पैरालीगल वालिन्टियर श्रीमती प्रभा गहरवार, चित्रा राडेकर, श्री शालिकराम बांधवे, श्री विजय राजपूत श्री भगत यादव, श्री दुलारूराम साहू, श्री विजय नामदेव श्री दीनदयाल कौशिक, श्री किशन साहू के द्वारा किया गया।




## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम का परीक्षा परिणाम घोषित

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शाला ,डोंगरगांव का वार्षिक परीक्षा परिणाम हुआ घोषित 30 अप्रैल को स्वामी आत्मानंद के प्राइमरी एवं मिडिल स्कुल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा पहली में गुंजिता साहू 99.9प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही, खुशी देवांगन ने 99.7प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, आरूही मेश्राम एवम धारणा देवांगन 98.8प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। कक्षा दूसरी में तन्वी लाउत्रे ने 99.5प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं रियांशिका साहू और देदिप 99.2प्रतिशत हासिल कर द्वितीय स्थान पर रहे, आकृति 99.1प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा तीसरी से तन्मय ठाकुर ने 99.6प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जीनय देवांगन और तेजस्व कुंभकार ने 98.9प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया वही आद्या जैन ने 98.15प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी से भूदेवी साहू 98.6प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम रही, माधवी कंवर और प्रतीक्षा धनकर ने 98.4प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया वही आशेर लिजु ने 98.2प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी में आदित्य साहू ने 100प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, वनिषा ने 99.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया ओर निखिल कुलहरे 98.3प्रतिशत से तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा छटवी में प्रज्ञा साहू 98.19 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम रही, प्रियाली देवांगन 97.71प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया वहीं इशिका देवांगन 96.57 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं तनिष्का गुप्ता ने 97.8प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, झरना 95.1प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रही, देवांशी पटेल ने 94.9प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा आठवीं प्रवीण कुमार साहू ने 98.74 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं तिजिल कुमार साहू ने 97.6प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, पार्थ देवांगन 93.35प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इस प्रकार प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल विद्यार्थी दर्ज संख्या प्राथमिक शाला- 230 , माध्यामिक शाला 144।

## बाल विवाह कुप्रथा को रोकने जनपद पंचायत मोहला अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरूकता रैली का आयोजन

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशानुसार जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत बाल विवाह को रोकने के लिए जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती केशवरी देवांगन के मार्गदर्शन में आज जनपद पंचायत मोहला के अंतर्गत अलग-अलग ग्राम पंचायतों मरकाटोला, पाटनवाड़वी, विजयपुर, सोमाटोला, गोटाटोला में बाल विवाह को रोकने हेतु आज समस्त ग्राम वासियों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन कर नागरिक गणों को बाल विवाह एक कुप्रथा का संदेश दिया गया। रैली में बिहान समूह की महिलाए, क्रेडर दीदी समूह के सदस्य, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा बाल विवाह रोकने संबंधित नारा लगाते पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया। साथ ही लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। साथ ही नागरिक गणों को जागरूक कर अपील किया गया की जिले के अंतर्गत कहीं पर बाल विवाह होने की स्थिति में बाल विवाह को रोके जाने के लिए तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन या महिला बाल विकास विभाग को दे सकते हैं।

## सुदामा लाल साहू प्रधान पाठक सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह, किया सम्मानित




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक सुदामा लाल साहू सेवानिवृत के अवसर पर विदाई समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र में पूजा अर्चना कर किया गया पश्चात स्वागत गीत, स्वागत किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता हिरदे राम साहू सरपंच ने किया अपने उद्बोधन में कहा कि सुदामा लाल साहू के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की अपने कार्यकाल मे मिडिल स्कूल के लिए स्वर्णिम बताया. कार्यक्रम में संकुल प्रभारी प्राचार्य के प्रतिनिधि योगदास साहू, संकुल समन्वयक अनिल शर्मा, प्रधान पाठक भूखन लाल बिदानी, प्रभारी प्रधान पाठिका श्रीमती सविता ध्रुव, गिरजा साहू, रेणुका साहू,गायत्री बांधे,गंगोत्री साहू, बिरेझर के पूर्व शिक्षक तुमन लाल साहू,शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण दास मंडले, शाला विकास समिति अध्यक्ष धनउ मंडले,बसंतपुर के प्रधान पाठक तिलक सिन्हा, सुदामा साहू सम्मान मे उद्बोधन दिए और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु होने की कामना किया। स्टाफ के समस्त शिक्षकों द्वारा सुदामा लाल साहू को सम्मान में प्रतीक चिन्ह, सूटकेस, पेन, घड़ी,डायरी आदि से सम्मानित किया गया। समस्त कार्यक्रम का संचालन सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सेवानिवृत शिक्षक का गाजा बाजा के साथ ग्राम में भ्रमण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर जेल में विधिक जागरूकता शिविर

## नवनियुक्त सचिव श्री राहुल कुमार ने बंदियों को दी विधिक जानकारी



**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर 01 मई 2024 को श्रमिक दिवस के अवसर पर जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राहुल कुमार ने बंदियों को कानूनी जानकारी देते हुए गिरफ्तारी पूर्व एवं गिरफ्तारी पश्चात् उनके अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के पूर्व 24 घंटे के भीतर उनके परिवार वालों को सूचित किया जाना अनिवार्य है, गिरफ्तारी के समय गिरफ्तार व्यक्ति को अभिरक्षाधीन बंदियों को विधिक सहायता योजना 2003 के तहत नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराते हुए प्राधिकरण के अधिवक्ता द्वारा रिमाण्ड का विरोध के लिए जमानत आवेदन पेश किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राहुल कुमार ने बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में बताते हुए जमानत, पैरोल, अभिवाक चर्चा (प्लीबार्गेनिंग) का लाभ उठाने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के द्वारा विधिक सहायता एवं सलाह योजना का लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया जिसमें उन्हें अपने सिविल एवं क्रिमिनल मुकदमों के लिए प्राधिकरण से नि:शुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने की पात्रता, जेल बंदियों को होने की बात कही। यह व्यवस्था निम्न न्यायालयों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक उपलब्ध होने की बात भी उन्हें बतायी गयी। जिला जेल कबीरधाम में कुल 233 बंदी है, जिन्हें उक्त शिविर में विधिक जानकारी दी गई। प्राधिकरण सचिव श्री राहुल कुमार द्वारा जेल में बंद रिमाण्ड स्तर के 5 बंदियों को नि:शुल्क अधिवक्ता प्रदान करने के निर्देश जेल अधीक्षक एवं उपस्थित पीएलव्ही को दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री राजेन्द्र कुमार बंजारे, जेल प्रहरी एवं पैरालीगल वालिन्टियर श्री योगेन्द्र सिंह गहरवार उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# 4 मई को वरुथिनी एकादशी व्रत



शनिवार, 4 मई को वरुथिनी एकादशी व्रत किया जाएगा। ये मई महीने का पहला बड़ा व्रत है। अभी वैशाख मास चल रहा है और इस मास का महत्व काफी अधिक माना जाता है। वैशाख, शनिवार और एकादशी के योग धर्म-कर्म के नजरिए से बहुत शुभ है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, इस दिन भगवान विष्णु के लिए व्रत करें और मौसमी फल जैसे आम, तरबूज, खरबूजे का दान भी खासतौर पर करना चाहिए।

**ये हैं वरुथिनी एकादशी से जुड़ी मान्यताएं**

इस एकादशी के व्रत से भक्तों के सभी पाप और दुख दूर होते हैं। माना जाता है कि सूर्य ग्रहण के समय दान-पुण्य करने से जो पुण्य मिलता है, वही पुण्य वरुथिनी एकादशी के व्रत और इस दिन दान करने से मिलता है। भगवान विष्णु की कृपा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और कार्यों में आ रही बाधाएं दूर होती हैं।

**एकादशी पर कर सकते हैं ये शुभ काम**

वरुथिनी एकादशी पर सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद सूर्य को जल चढ़ाएं। जल चढ़ाने के लिए तांबे के लोटे का उपयोग करना चाहिए। घर के मंदिर में गणेश पूजा करें। गणेश जी को जल और पंचामृत से स्नान कराएं। वस्त्र-हार-फूल से श्रृंगार करें। चंदन का तिलक लगाएं। दूर्वा अर्पित करें। लड्डू का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाएं। श्री गणेशाय नम: मंत्र का जप करें। गणेश पूजा के बाद भगवान विष्णु और महालक्ष्मी की पूजा करें। विष्णु-लक्ष्मी का दक्षिणावर्ती शंख से अभिषेक करना चाहिए। अभिषेक में दूध का इस्तेमाल करेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। हार-फूल और वस्त्रों से श्रृंगार करें। इसके बाद मिठाई का भोग तुलसी के साथ लगाएं। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। धूप-दीप जलाकर आरती करें। शनिवार को शनिदेव की विशेष पूजा करनी चाहिए। शनि मंदिर जाएं और शनिदेव का तेल से अभिषेक करें। शनि भगवान को नीले फूल और नीले वस्त्रों के साथ काले तिल भी चढ़ाएं। तिल से बने व्यंजन का भोग लगाएं। तेल का दान करें। जरूरतमंद लोगों को जूते-चप्पल का भी दान जरूर करें। शिवलिंग पर जल चढ़ाएं। बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े फूलों से श्रृंगार करें। शिवलिंग पर चंदन का लेप लगाएं। मिठाई का भोग लगाएं और दीपक जलाएं। शिव जी के सामने राम नाम का जप करना चाहिए।

## बिना देखे ही श्रीकृष्ण को अपना पति मान बैठी थीं देवी रुक्मिणी, ऐसे हुआ था कान्हा संग उनका विवाह



देवी रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थीं। एक समय की बात है जब पिता भीष्मक अपनी पुत्री के लिए सुयोग्य वर की तलाश कर रहे थे। उस दौरान उनसे मिलने कोई भी शख्स आता तो वो श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की बखान करता जिसे सुनकर देवी रुक्मिणी ने उन्हें मन ही मन में अपना पति मान लिया था। जब हम प्रेम की परिभाषा के बारे में बात करते हैं, तो हमारे जहन में सिर्फ एक ही तस्वीर नजर आती है, जो है भगवान श्रीकृष्ण की। कान्हा ने प्रेम को अलग-अलग रूप में परिभाषित किया है। कभी मित्र बनकर, तो कभी सखा, प्रेमी व पति बनकर। उनका प्यार हर रूप में ही अनोखा और दिव्य था।

**देवी रुक्मिणी कौन थीं ?**- देवी रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थीं। वे अत्यंत सुंदर और बुद्धिमान थीं। एक समय की बात है जब पिता भीष्मक अपनी पुत्री के लिए सुयोग्य वर की तलाश कर रहे थे। उस दौरान उनसे मिलने कोई भी शख्स आता, तो वो श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की बखान करता, जिसे सुनकर देवी रुक्मिणी ने उन्हें मन ही मन में अपना पति मान लिया था। देवी रुक्मिणी के भाई रुक्म का परम मित्र चेदिराज शिशुपाल उनसे विवाह करना चाहता था। पुत्र के कहने पर राजा भीष्मक ने शिशुपाल संग अपनी लाडली पुत्री का विवाह तय कर दिया था, लेकिन रुक्मिणी जी इस विवाह से खुश नहीं थीं, जिसके चलते उन्होंने संदेश के जरिए श्रीकृष्ण तक अपनी बात पहुंचाई। जैसे ही यह बात मुरलीधर तक पहुंची, वे तुरंत विदर्भ राज्य पहुंच गए।

**ऐसे हुआ था श्रीकृष्ण और देवी रुक्मिणी का विवाह** -शिशुपाल संग विवाह से पहले कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर लिया था। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण और पापी शिशुपाल व रुक्म के बीच भयंकर युद्ध हुआ, जिसमें द्वारकाधीश विजयी हुए। फिर वे देवी रुक्मिणी को द्वारका ले आएं और उन्होंने भव्य तरीके से विवाह किया। साथ ही सदैव के लिए एक हो गए।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# उन्नत कृषि को बढ़ावा देने, वृहद पैमाने पर बनायें कार्ययोजना - कलेक्टर

## किसानों को धान के अलावा अन्य वैकल्पिक फसलें लेने करें प्रोत्साहित- कलेक्टर, किसानों की मांग पर समय पर धान बीज उपलब्ध करायें

**सिंचाई के लिए सभी जल स्त्रोतों पर जल भराव के लिए बनायें कार्ययोजना**

**जल संग्रहण, जल संवर्धन पर कार्ययोजना बनाने पर जोर**

**कलेक्टर ने ली कृषि एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक**

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों से आगामी खरीफ फसल के लिए विभागीय कार्ययोजना एवं तैयारी की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी कृषि आधारित जिला है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों के लिए कृषि ही एक मात्र आय का मुख्य स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत तकनीकी कृषि के लिए वृहद पैमाने पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीकी कृषि के जरिए कृषकों के आमदनी में बढ़ोतरी किया जा सकता है। कृषि विभाग के मैदानी अमला के अधिकारियों को किसानों से भेंट कर उन्नत तकनीकी कृषि की जानकारी देने और समय-समय पर फसल चक्र परिवर्तन करने के अलावा धान के बदले अन्य वैकल्पिक फसलें लेने के लिए प्रोत्साहित करने कहा है। वर्तमान समय में मिलेट फसलों की मांग को देखते हुए इन फसलों को लेने के लिए किसानों को प्रेरित करते हुए उच्चतम गुणवत्ता के मिलेट फसलों की बीज उपलब्ध कराने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में अगामी खरीफ फसल को ध्यान में रखते हुए खाद बीज की उपलब्धता, भंडारण और किसानों द्वारा



किये जा रहे, उठाव की जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि किसनों की मांग अनुसार खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि खाद-बीज को लेकर कहीं भी कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। जिले के कोई भी किसान अपनी मांग अनुसार खाद-बीज लेने से वंचित न हो, इस बात पर विशेष ध्यान रखने कहा गया है। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कार्य योजना और किसानों के लिए उठाये जा रहे कदम पर समीक्षा करते हुए कहा कि कम समय और कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाले फसलों को बढ़ावा दिया जाए। मैदानी अमला के अधिकारी किसानों के संपर्क में रहे और मौसम के अनुसार कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सलाह देवें। कलेक्टर ने बैठक में सिंचाई विभाग के अंतर्गत जिले में सिंचाई के लिए बनाए गये कार्य योजना और जलाशय में जल भराव की क्षमता की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में कहा कि जिले के अंतर्गत जल संवर्धन व जल संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठायें। सभी जलाशय में क्षमता अनुसार जल संग्रहण करते हुए किसानों की मांग पर आपूर्ति करने कहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल और निस्तारी जल सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल हो। पेयजल एवं निस्तारी जल के उपरांत कृषि सिंचाई के लिए आपूर्ति किया जाए। जिले के सभी जलाशय में बरसात के दिनों में जल संग्रहण के लिए एक सुनिश्चित प्लान बनाकर जल संग्रहण करने कहा गया है। जलाशयों से होकर निकलने वाले नहर नाली की संधारण एवं मरम्मत के कार्य को भी प्राथमिकता में शामिल करते हुए कार्य करने कहा गया है। जलाशयों के जल संग्रहण के लिए विभागीय अमले को विशेष कार्य योजना बनाते हुए बड़े पैमाने पर जल संग्रहण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। जल संग्रहण और जल संवर्धन के लिए किसानों को भी शामिल करते हुए इस दिशा में कार्य करने कहा गया है। बैठक में कृषि अधिकारी श्री जे एल मंडावी, जल संसाधन कार्यपालन अभियंता श्री आफ्ताब आलम सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जिले में राष्ट्रीय कैडेट कोर वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 38वीं छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन राजनादगांव के तत्वाधान में जेएलएम गायत्री विद्यापीठ



राजनांदगांव में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में राजनांदगांव, मानपुर-मोहला-चौकी एवं कवर्धा जिलों के 7 महाविद्यालय एवं 9 विद्यालय से लगभग 573 कैडेटों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भाग लिया। शिविर 38वीं छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के लेफ्टिनेंट कर्नल श्री विवेक कुमार, कैम्प कमांडेंट के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। कैम्प में दस दिनों तक कैडेटों को विभिन्न प्रशिक्षणों से रूबरू कराया जाएगा। कैम्प में एनसीसी अधिकारी, प्राध्यापक एवं यूनिट के सभी स्टाफ भाग ले रहे है।

# शराब तस्करों को डोंगरगांव पुलिस ने रंगे हाथों शराब सहित पकड़ा

## अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करते दो आरोपीयो को किया गिरफ्तार



**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स)।** दिनांक 02.05.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये दिनांक 02.05.2024 को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सुचना के आधार पर टीम गठित कर मुखबीर



के बताये स्थान पर घेराबंदी कर रेडकार्यवाही किया गया , जिसमे अपराध धारा- 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी 1. आयुष चौधरी पिता स्व0 रामबिलास चौधरी उम्र-32 साल ,पता ङ्क राजाखुज्जी दरी रोड , थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, छ0ग0,एवं 2. मन्नू धनकर पिता सियाराम धनकर , उम्र-47 साल ,पता- ग्राम माथलडबरी , थाना डोंगरगांव , जिला राजनांदगांव,छ0ग0 दोनो के पास कुल कुल 42 नग पौवा युनि?क देशी प्लेन शराब ,सीलबंद कुल 7.560 लीटर , जुमला कीमती 3780/- रूपये एवं कुल बिक्री रकम 180+240= 420 रूपये , कुल जुमला रकम ङ्क 4200/- रूपये को जप्त किया , एवं आरोपियों को गिर0की कार्यवाही कर अप0 पंजी0 कर विवेचना मे लिया गया है । थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही आगे जारी रहेगी।

# डीआईजी श्री आचला के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई



**उनके कार्यों, व्यवहार एवं उपलब्धियों की सभी ने की सराहना**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 14वीं वाहिनी धनोरा बालोद के सेनानी श्री डीआर आचला के 30 अप्रैल को अर्द्धवार्षिकी आयु पूरा करने के पश्चात् बुधवार 01 मई को 14वीं वाहिनी धनोरा के परिसर में आयोजित विदाई समारोह में उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने श्री आचला के शून्य से शिखर तक के यात्रा की प्रसंशा करते हुए उनके कार्यों, व्यवहार एवं उपलब्धियों की भूरी-भूरी सराहना की। उल्लेखनीय है कि श्री आचला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी के सुदूर वनांचल एवं उस जमाने के अत्यंत दूर्गम एवं सुविधाविहीन ग्राम टोहे के मूल निवासी है। उन्होंने घोर गरीबी एवं अपने पिता के निधन हो जाने के कारण केवल 8वीं कक्षा की पढ़ाई नियमित विद्यार्थी के रूप में की है। इसके पश्चात् वे तमाम अभाव से संघर्ष करते हुए एक स्वाध्यायी छात्र के रूप में आगे की पढ़ाई की है। वे हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् 1988 में सहायक शिक्षक के पद पर मानपुर विकासखण्ड के रूप में नियुक्त हुए थे। श्री आचला बचपने से ही अत्यंत मेधावी एवं कुशाग्र बुद्धि के थे। वे 1992 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से डीएसपी के पद पर चयनित होकर कई जिलों के एडिसनल् एसपी, एसपी फिर डीआईजी के पद पर पदोन्नत हुए हैं। श्री आचला की पहचान एक सफल पुलिस अधिकारी के



अलावा अत्यंत मिलनसार, मृदुभाषी, संवेदनशील एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में है। वे जरूरमंद लोगों की मदद के लिए तैयार रहने के कारण अपने कर्म क्षेत्रों तथा चिर परिचत के लोगों के बीच बहुत ही लोकप्रिय है। विदाई समारोह में उप पुलिस महानिरीक्षक कांकेर श्री शंकर बघेल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 8वीं वाहिनी राजनांदगांव के सेनानी श्री बीपीएस राजभानू, पुलिस अधीक्षक एंटी करप्शन ब्यूरो श्री गोवर्धन ठाकुर एवं श्री तिलकराम कोसमा, सेनानी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल करकाभाट बालोद श्री एसआर सलाम, पुलिस अधीक्षक बालोद श्री सूरजन राम भगत, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री जीएस मण्डावी, एडीशनल एसपी बालोद श्री अशोक जोशी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 14वीं वाहिनी धनोरा बालोद के उप सेनानी डॉ. संगीता माहिलकर, जनसंपर्क अधिकारी बालोद श्री चंद्रेश ठाकुर, सहायक खाद्य अधिकारी श्री धरमू किरंगे सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य गण उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं लोगों ने श्री आचला को वनांचल एवं छत्तीसगढ़ी महतारी के अनमोल हीरा बताते हुए उनके प्रतिभा, कार्यों एवं व्यवहार को विलक्षण एवं अद्वितीय बताया। उन्होंने कहा कि श्री आचला तमाम अभावों, विपरित परिस्थितियों के बावजूद अपने अदम्य् इच्छा शक्ति, कठिन संघर्ष तथा अपने मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत व्यक्तित्व के कारण गांव के माटी से निकलकर माथे का चंदन बने है।

## प्रदीप अवथनकर महाराष्ट्र मंडल (बल्देवबाग) राजनांदगांव (छ.ग.) के अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विगत दिनों महाराष्ट्र मंडल भवन में चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें सर्व



सम्मति से श्री प्रदीप अवथनकर, अध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिसके प्रस्तावक श्री विजय शिल्लेदार एवं समर्थन श्री संजय शेवलीकर के द्वारा किया गया। चुनाव प्रकिया, चुनाव अधिकारी श्री विवेक ढ़ोक द्वारा सफल संचालन किया गया। कुछ दिनों पश्चात कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की जायेगी।

# सरकारी भूमि पर बिना आदेश मकान तोड़ने का आरोप, जिला कलेक्टर से शिकायत

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय जमीन पर बने मकान को बिना किसी आदेश के नगर पालिका की जेसीबी से तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी शिकायत डोंगरगढ़ बधियाटोला निवासी प्रकाश यादव ने जिला कलेक्टर से करते हुए घर से बेघर करने का आरोप लगाते हुए शासन प्रशासन से न्याय की गुहार की मांग की गई है। आपको बता दें कि बधियाटोला में लगभग 50 प्रतिशत की लोग खुद का मकान रहते हुए भी आबादी शासकीय भूमि पर कब्ज़ा कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले चुकें हैं। सूत्रों की माने तो बधियाटोला में कई पूंजी पति लोग आवास योजना के नियम से बाहर होने के बावजूद शासकीय भूमि को कब्ज़ा कर प्रधानमंत्री आवास का लाभ ले कर बेच चुके हैं । बारीकी से निष्पक्ष जॉच पड़ताल की जरूरत महसूस की जा रही है। पीड़ित प्रकाश यादव ने मीडिया के सामने बताया कि बधियाटोला वार्ड में सभी लोग जैसेकि मैंने भी शासकीय जमीन घेर रखा था । कब्ज़ा जमीन पर मकान बनाने के पहले नगर पालिका को लिखित आवेदन के माध्यम से सूचना देने के बाद मकान बना कर रहने लगा मकान बनने के तीन महीने बाद नगर पालिका से मेरे सहित अन्य 5 लोगों को नोटिस मिला। ये सब पैसे की वसूली के लिए एक षड्यंत्र था बधिया टोला वार्ड के पार्षद पति जयेश सहारे ने यह षड्यंत्र रचा था, अन्य व्यक्ति को मेरे पास भेज कर मकान ना तोड़ने के लिए रुपयों कि मांग की गई। रकम पूरा ना देने पर मेरा मकान तोड़ दिया। जबकि मेरे साथ कब्जा किए हुए लोग प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले पक्का मकान मे रह रहे हैं। मकान टूट जाने के बाद सभी शासकीय दफ्तरों में लिखित शिकायत किया परंतु 6 माह बीत जाने के बाद भी कलेक्टर के




आदेश की प्रार्थी को मकान बनाने आबादी भूमि एलाट करने के आदेश की अवहेलना की जा रही है। डोंगरगढ़ से राजनांदगांव पेशी में जाते जाते परेशान हो चुका हूं।

**हमारे यहाँ से कोई आदेश जारी हुआ।**

डोंगरगढ़ तहसीलदार मुकेश ठाकुर का कहना हैं की हमारे विभाग से मकान तोड़ने से संबंधित कोई आदेश जारी नही हुआ है। वो नगर पालिका जाने , रही बात मुझ पर शिकायत वापस लेने का दबाव वाली बात तो वह निराधार हैं। वहीं पूरे मामले को लेकर तात्कालिक सीएमओ कुलदीप झा ने बताया कि उसे वार्ड में अस्पताल प्रस्तावित था जिसकी जानकारी उन्हें पार्षद पति जयेश सहारे के द्वारा दी गई थी जिसके लिए जर्जर हो चुके पटवारी भवन को तोड़ने के संबंध में एसडीएम से चर्चा मात्र हुई थी चर्चा को ही आदेश मानते हुए जयेश सहारे के द्वारा पटवारी भवन के तोड़े जाने की जानकारी मिली। नगर पालिका के जेसीबी का उपयोग करके प्रकाश यादव के मकान को भी तोड़ने की जानकारी मिली । क्योंकि निर्माण एजेंसी आर ई एस है इसलिए नगर पालिका द्वारा उस समय कोई भी आदेश इस संबंध में जारी नहीं किया गया था । नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने कहा की ग्रामीणों की स्वास्थ सुविधा के लिए हॉस्पिटल निर्माण करना था। वार्ड नंबर 8 बधियाटोला में स्थित पटवारी निवास को तोड़ने का आदेश आया था लेकिन तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मौखिक आदेश पर पीछे के कुछ एरिया प्रकाश यादव का मकान तोड़ा गया हैं। किसके कहने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप झा ने तोड़ने का आदेश दिया है वही जाने यह एक जॉच का विषय है। वही दूसरी ओर जयश सहारे से इस विषय में जानकारी लेना चाहा तो उनका कहना है की मैं नगर पालिका में दैनिक वेतनभोगी रूप मे कार्यरत हूं , मुझे बाइट देने का अधिकार नहीं है।मौखिक बता रहा हूं की प्रकाश यादव से मैं कभी भी कोई बातचीत नही किया है और ना ही किसी को भेज कर पैसे का मांग किया है, रही बात मकान तोड़ने की तो मैं उनका मकान नही तोड़ा है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com